तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 5 जुलाई 2025



12 योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर हो सुनिश्चित समस्याओं ...





11 नवाचार से कृषि में आएगी क्रांति समस्याओं को होगा निदान ...






## खबर संक्षेप

### 93 सहकारी एवं निजी कृषि केंद्रों की जांच, नोटिस जारी

**बालोद।** उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में लगातार उर्वरक गुण नियंत्रण के तहत सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रय परिसर का निरीक्षण कृषि विभाग के द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। अब तक 93 सहकारी एवं निजी कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया गया है, जिसमें अनियमितता पाये गये 25 उर्वरक विक्रय केन्द्रों को उर्वरक गुण (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत नोटिस जारी कर, 4 निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों पर विक्रय प्रतिबंध लगाया गया है। जिसमें विकासखण्ड गुण्डरदेही में चन्द्राकर कृषि केन्द्र सिकोसा, सार्वा सेवा कृषि केन्द्र गुण्डरदेही एवं विकासखण्ड डौण्डी में कोठारी कृषि केन्द्र व सुन्दर कृषि केन्द्र खलारी शामिल है। मैदानी अमलों के द्वारा डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में 20:20:0:13, एन.पी.के., 12:32:16 एवं नैनो डी.ए.पी. नैनो यूरिया का उपयोग करने हेतु समझाईस दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में कृषकों को निर्धारित दर पर एवं गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही अनियमित्ता पाये जाने पर उर्वरक गुण (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत कार्यवाही की जा रही है। उप संचालक कृषि ने बताया कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में उर्वरक गुण नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय व विकासखण्ड स्तरीय दल का गठन किया गया है। गठित टीम द्वारा सतत निरीक्षण व मॉनिटरिंग की प्रक्रिया जारी है।

# अलोरी के ग्रामीणों ने श्रमदान कर पानी के लिए कटाव बनाकर सड़क की मरम्मत की

## 20 वर्षों से सीसी रोड की मांग कर रहे पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने कुछ नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकास खण्ड के ग्राम पंचायत करेंझर के आश्रित ग्राम अलोरी के ग्रामीणों ने फिर एक बार अलोरी से करेंझर पहुंच मार्ग का श्रमदान कर बारिश के लिए जंगल से पानी के लिए कटाव बनाकर सडक का मरम्मत किया। अलोरी के ग्रामीणों ने लगातार जनदर्शन से 20 वर्षों से सडक मे सीसी रोड बनाने की मांग कर रहे है लेकिन कोई जनप्रतिनिधि इस ओर आज तक पहल नही किया है। अलोरी गांव के लिए पंचायत मुख्यालय जाने का एक मात्र सडक है। सडक खराब होने की स्थिति में ग्रामीण 10 किमी घूमकर राजाराव पठार होते हुए पंचायत मुख्यालय जाते है। पूर्व मे वीर मेला राजाराव पठार मे मुख्यमंत्री से लेकर फारेस्ट विभाग के डीएफ ओ को आवेदन दे चुके है बावजूद आज तक किसी ने सी सी रोड के लिए पारित नही कर सका है।



### वर्षों से मरम्मत करके करते हैं गुजारा

प्रति वर्ष ग्रामीण राजाराव पठार मेले के समय फिर मरम्मत कर रास्ता को चलने लायक बनाकर आवागमन करते है। श्रमदान करते हुए ग्रामीण लाल सिह धुव, जीवराखन नेताम, कैलाश ठाकुर, धनसिग कुरैटी, फगुवा राम सिन्हा ने बताया कि लगातार जनप्रतिनिधियों से सडक बनाने सहित सी सी रोड की मांग करते आ रहे है लेकिन चुनाव के समय झूठे आश्वासन देकर चुनाव जीतने के बाद भूल जाते है। फारेस्ट विभाग के अधिकारी तो विभाग में सडक के नाम से नक्शा मे नही बताते है कहकर टाल देते है। वार्ड पंच त्रिवेणी कुलदीप, सुमिन निषाद, झामिन कुंजाम, देवन्तीन बाई, लता बाई ने बताया कि राशन सामग्री लेने के लिए करेंझर जाना पडता है।गांव वाले को सबसे ज्यादा परेशानी बारिश में होती है। जिसके कारण अधिकारियों से लगातार सी सी रोड की मांग कर रहे है। उन्होंने बताया कि बीते साल मे पूर्व सरपंच नरेन्द्र कुमार सिन्हा ने सडक मरम्मत के लिए 50 गाडी मुरम डालकर समतल किया था ज आजतक ठीक था लेकिन बारिश के कारण फिर खराब होने लगा है इसलिए पानी कटाव एवं मरम्मत कर रहे है।

**10 लाख स्वीकृत हो चुका है:** सरपंच कन्हैया लाल साहू ने बताया कि करेंझर से अलोरी पहुंच मार्ग के लिए सात माह पूर्व खनिज न्यास निधि से 10 लाख रुपये स्वीकृत हो चुका है।लेकिन किस कारण से कार्य प्रारंभ नही किया है। जल्द कार्य प्रारंभ करने के लिए संबंधित अधिकारी से चर्चा करेगे।

## दुर्घटना : हादसे में कार सवार दो लोगों को आई चोट

# कार-बाइक भिड़ंत में दो युवकों की मौत


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

रायपुर से कोण्डागांव जा रहे बाईक सवार युवक को कार ने ठोकर मार दी जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई व कार मे सवार चार लोगो को मामूली चोटे आई जिसके बाद उन्हे नजदीकी अस्पताल मे भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार कोण्डागांव मे रहकर ठेकेदारी का कार्य करने वाले ग्राम सांगली पारा, थाना कोंडागांव निवासी मनोज कुमार साहू पिता राधेश्याम साहू 44 वर्ष बाईक के माध्यम से रायपुर से कोंण्डागांव जा रहा था तभी वह पुरूर के पास पहुंचा था कि जगतरा मंदिर घुमकर वापस धमतरी जा रहे कार ने सामने से बाईक सवार युवक को जगतरा मंदिर के पास जोरदार ठोकर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वही कार मे सवार 4 लोगो को मामूली चोटे आई। जहां घटना की जानकारी पर पुलिस तत्काल पहुंचकर घायलो को 108 की सहायता से अस्पताल पहुंचाया व शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा तैयार कर परिजनो के आने के बाद पोस्टमार्डम के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया।



### ट्रैक्टर का इंजन निकालते युवक का दबने से मौत



**गुरूर।** खेत की मताई के दौरान खेत के कीचड़ मे फंसे ट्रैक्टर को निकालने के लिए प्रयास कर रहे युवक का ट्रैक्टर का इंजन पलटने से मौत हो गई। मामला पुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम चिटौद का बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार सत्गुरू राईस मिल के सामने चिटौद के एक खेत मे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 05 जी 4501 को चलाने के लिए ग्राम सोरिद नगर धमतरी निवासी तोरण नेताम आया हुआ था। जो कि खेत को ट्रैक्टर के मुंड़ी मे केजबील लगाकर खेत की मताई कर रहा था। ट्रैक्टर खेत के कीचड़ मे फंस गया था। जिसे निकालने के लिए उक्त चालक लगातार प्रयास कर रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर का इंजन उछलकर खेत मे पलट गया और इस घटना मे ट्रैक्टर के नीचे आने से चालक की मौके पर ही दबने से मौत हो गई। जहां उसके साथी द्वारा पुलिस के साथ अन्य लोगो को यह जानकारी दी गई। जिसके बाद पुलिस व अन्य ग्रामीण पहुचकर ट्रैक्टर के इंजन पलटने से दबे युवक के शव को निकाला गया।

### ट्रक और पिकअप की टक्कर में दो घायल

**बालोद।** चारपहिया ट्रक चालक द्वारा ट्रक को बीच सड़क मे खड़े कर देने के कारण से दोपहिया सवार महिला पुरूश हादसे का शिकार हो गए जिससे उन्हे गंभीर चोटे आई जहां ईलाज के बाद उक्त ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डंगनिया पुल के आगे मुख्य मार्ग पर ट्रक और पिकअप की टक्कर से दो लोग घायल हो गए। ग्राम लाटाबोड़ निवासी गजराज साहू ने बताया कि बुधवार को फगनी बाई ढीमर के साथ चारपहिया वाहन मे सब्जी खरीदने दुर्ग सब्जी मंडी जा रहे थे। ग्राम डंगनिया पुल के आगे चालक ने ट्रक को बीच सड़क मे खड़ा कर दिया था। इस वजह से ट्रक के पीछे चारपहिया वाहन से टकराने से चोट लगी है। एंबुलेंस से अस्पताल गुण्डरदेही भर्ती हुए। गुण्डरदेही थाने मे ट्रक चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 285 के तहत रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

# खाद-बीज समस्या पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर द्वारा किसानों को होने वाली रासायनिक खाद एवं बीज की समस्या को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पलारी के पास किया गया।

धरना प्रदर्शन मे बालोद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष तामेश्वर साहू, महामंत्री सादिक अली, संजय चौधरी, केदार देवांगन, किशोर साहू, ओंकार महामाला, तोशन साहू, यानेश पुर्नेश्वर, बसंत सोनबर, मुकेश, दुर्गुराम, धनुष साहू, टोमन दाऊ, सुमित राजा राजपूत, चितेश साहू व कांग्रेसी उपस्थित थे।




# शिवमहापुराण के लिए वाटर प्रूफ पंडाल बनेगा, पार्किंग, पेयजल और सुरक्षा के होंगे इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले की कथा 30 जुलाई से जंयती स्टेडियम भिलाई ग्राउंड में शुरू होगी। आयोजन को लेकर गुरुवार को बीएसपी, निगम, पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कथा स्थल का निरीक्षण किया। आयोजक बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह के साथ अधिकारियों ने चर्चा की। बारिश को देखते हुए आयोजन में लाखों शिवभक्तों के हिसाब से सुविधाएं बेहतर करने पर जोर दिया गया।



### कथा स्थल का जायजा लेने पहुंचे बीएसपी व जिला प्रशासन के अधिकारी

#### सुरक्षा, पार्किंग, पेयजल जैसी सुविधाओं

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. मिश्रा की शिवमहापुराण कथा सुनने के लिए लाखों भक्त पहुंचते हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा पहलूओं पर चर्चा की। कथास्थल के चारों तरफ से आवागमन के रास्ते हैं। इसलिए आयोजन समिति और प्रशासनिक अधिकारियों ने ट्रैफिक प्वाइंट कितने और कहां-कहां बनाए जा सकते हैं इस पर रणनीति बनाई। पेयजल, साफ-सफाई और भोजन -भंडारा स्थल निर्माण पर भी चर्चा की गई।

#### बनेगा वाटर फ्रूफ पंडाल

शिवमहापुराण कथा सावन के महीने में हो रही है। इसलिए बारिश ज्यादा होगी। इसलिए प्रशासनिक अधिकारियों ने वाटर फ्रूफ पंडाल बनाने के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष दयासिंह से चर्चा की। मुख्य तीन पंडाल यहां लगेंगे । उसके अलावा साइड पंडालों और विस्तारित पंडाल भी बनाए जाएंगे जिसे वाटर फ्रूफ रखा जाना है। इसके अलावा लगातार बारिश होने की स्थिति में पंडाल के साइड में निकासी के इंतजाम भी किए जाएंगे। जिससे कथा स्थल पर पानी जमा न हो।

#### इन अधिकारियों ने किया निरीक्षण

सावन की शुभ बेला में होने वाला यह आयोजन न केवल भिलाई, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए आस्था, आध्यात्मिकता और शिवभक्ति का केंद्र बिंदु बनने जा रहा है। मौके का निरीक्षण करने वालों में प्रमुख रूप से एडीएम विरेंद्र सिंह, एडिसनल एसपी सुखनंदन राठौर, एसडीएम दुर्ग हरिवंश मीरी, एसडीएम भिलाई व छावनी हितेश पिस्दा, सीएसपी भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी, तहसीलदार दुर्ग प्रफुल गुप्ता, ईई पीडब्ल्यूडी आशीष भट्टाचार्य, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को तिलक लगाकर कराया स्कूल प्रवेश


दुर्ग। शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय बघेरा में नवप्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष विद्या नामदेव, पूर्व शाला विकाश समिति के अध्यक्ष, भागी गुरुजी, वार्ड पार्षद ललित ढीमर, शिक्षा वृद से मनोहर पटेल जी,तोमेश साहू, किशोर नायक, झाला राम साहू, भूपेंद्र राजपूत, स्कूल के प्राचार्य बंछोर, प्रधान पाठक और स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत किया गया और उन्हें शाला परिवार में शामिल होने पर बधाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने छात्रों को शिक्षा के महत्व और शाला के नियमों के बारे में जानकारी दी। बच्चों कों स्कूल यूनिफार्म, अध्यापन का समय के साथ खेल खुद और व्यायाम पर ध्यान देने की बात कही ताकि हमारा शरीर स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा की विद्यार्थी जीवन जो हम सीखते है वो जीवनभर काम आता है।

### प्रवेशोत्सव में बच्चों को बांटी पुस्तके



उतई। मचांदूर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव के दौरान छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और पुस्तक वितरण किया गया। मुख्य अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष नवाब खान ने कहा कि शिक्षा के बिना सर्वांगीण विकास संभव नहीं हैं। प्रवीण यदु अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा उतई मंडल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी निरंतर सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नवाब खान शाला विकास समिति के अध्यक्ष,प्रवीण यदु युवा मोर्चा अध्यक्ष,फलेंद्र राजपूत किसान मोर्चा अध्यक्ष,उपसरपंच दुष्यंत साहू ,पंच मंशा साहू,पूर्व सरपंच दिलीप साहू,धर्मेंद्र साहू युवाचार्य, प्राचार्य बी एन चौधरी,काकोली चौधरी,एस के सिंह,ओपी ठाकुर,पीके रात्रे,पूजा नायर,ज्योति पांडेय,कल्पना खोबरागड़े,श्रद्धा शर्मा, मधुमितारथ,हरीश पटौती, महेंद्र साहू सहित अधिक सांख्य में छात्र छात्राओं उपस्थित थे।

### सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान शुरू



कुम्हारी। केंद्र सरकार की ओर से माह जुलाई में सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान 2025 चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद कुम्हारी में इस अभियान का शुभारंभ पालिका नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने परिसर में हरि झंडी दिखाकर किया गया। उक्त कार्यक्रम में, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर सहित समस्त पार्षदगण एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं जन भागीदारी, जिला समन्वयक गौरव केशरवानी एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वच्छता के मुख्य बिंदुओं के बारे में बताया गया, एवं बीमारी से बचने और आस पास को स्वच्छ बनाए रखने हेतु उपाय बताए गए। अभियान में स्वच्छ हाथ, स्वच्छ घर, स्वच्छ पड़ोस, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ नालिया, जल निकाय एवं स्वच्छ सार्वजनिक स्थल के लिए नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की जा रही है।

### पीडब्ल्यूडी ने राज्य शासन को स्वीकृति के लिए भेजा प्रस्ताव

# पुलगांव से ठगड़ाबांध व महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन, भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

शहर में जल्द ही तीन बडे प्रोजेक्ट की राज्य शासन से स्वीकृति मिलने के बाद फोरलेन निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी विभाग ने शहर में तीन बडे प्रोजेक्ट का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को मंजूरी के लिए भेजा है। जिसमें पुलगांव मिनिमाता से ठंगडा बांध तक फोरलेन और महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन निर्माण किया जाएगा। वहीं चंडी मंदिर से नयापारा वार्ड भी शामिल है। इन तीनों प्रोजेक्ट में 73 करोड रूपए से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। जानकारी अनुसार पुलगांव से जेल तिराहा तक करीब पांच किमी फोरलेन सडक बनाया जाएगा, जिसमें 30 करोड 38 लाख खर्च किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि, नेशनल हाईवे बाईपास से पुलगांव तक फोरलेन निर्माण के बाद यातायात दबाव बढता जा रहा है। बाईपास से पुलगांव चौक तक आने वाले बडे वाहन जो रायपुर व भिलाई की ओर जाते है। इस दौरान वाहन चालक पुलगांव से महाराज चौक का रास्ता का अधिक उपयोग करते है। जिससे यहां वाहनों का दबाव बढता जा रहा है। इसी रास्ते से बालोद, राजनांदगांव, उतई सहित अन्य मार्ग भी है। जहां रोजाना सैकडों गाडियां चलती है। बहरहाल इस सडक की चौडाई वर्तमान में सिर्फ 22 फीट हैं, इसे बढाकर 55 फीट किया जाएगा। दोनो ओर दो-दो लेन की सडक बनने के दौरान बीच में डिवाइडर और स्ट्रीट लाइन भी बनाया जाएगा।

### तीन बड़े प्रोजेक्ट में खर्च होंगे 73 करोड़ 42 लाख रूपए



#### बोरसी की सड़क 22 से 48 फीट होगी

महाराजा चौक से बोरसी तक करीब दो किमी की सडक बनाई जाएगी। वर्तमान में सडक की चौडाई 22 फीट है, लेकिन फोरलेन बनने के बाद इसकी चौडाई 48 फीट तक होगी। इससे वाहनों के आवागमन में राहत मिलेगी। दोनो ओर दो-दो लेन की सडक बनने से दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। यहां फोरलेन बनाने 25 करोड 27 लाख रूपए खर्च किए जाएंगे।

#### चंडी मंदिर से नयापारा सडक होगी सिर्फ चौड़ी

शहर के बीच चंडी मंदिर से नयापारा मार्ग यातायात की दृष्टि से बेहद व्यस्तम हो गई है। ऐसे में इस मार्ग के चौडीकरण की मांग लंबे समय से उठ रही थी। यहां मंदिर होने के चलते भी बडी संख्या में श्रध्दालु पहुंचते है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने एक किमी चौडीकरण करने राज्य शासन को 17 करोड 77 लाख रूपए का प्रस्ताव भेजा है। हांलाकि यहां फोरलेन निर्माण नही होगा, बल्कि वर्तमान में 16 फीट की सडक को 32 फीट तक चौडा किया जाएगा।

#### मुआवजे का भी होगा प्रावधान

पीडब्ल्यूडी विभाग को राज्य शासन से स्वीकृति मिलने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। अफसरों का कहना हैं कि, जितनी राशि निर्माण कार्य में लग रही है। उसकी आधी राशि मुआवजे में चली जाएगी। पुलगांव से जेल तिराहा की बात करे तो यहां पोल शिफ्टिंग और मुआवजे के लिए 18 करोड 86 लाख खर्च होगें। जबकि सडक बनाने में यहां 30 करोड 38 लाख रूपए खर्च हो रहे है। बहरहाल विभाग ने सडक और मुआवजे का प्रकरण बनाकर शासन को भेज दिया है।

#### प्रस्ताव भेजे

राज्य शासन को पुलगांव से जेल तिराहा और महाराजा चौक से बोरसी व चंडी मंदिर मार्ग में चौडीकरण किए जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने ही निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

**-आशीष भट्टाचार्य,** ईई पीडब्ल्यूडी विभाग दुर्ग

#### बजट में शामिल

शहर के लिए तीनों प्रोजेक्ट बेहद महत्वपूर्ण है। तीनों प्रोजेक्ट को बजट में शामिल कर लिया गया है। शासन से जल्द ही स्वीकृति भी मिल जाएगी।

**-गजेन्द्र यादव,** विधायक दुर्ग

## स्कूलों में नहीं बटी किताबें कांग्रेसियों ने घेरा दफ्तर

### पूर्व महापौर बाकलीवाल ने जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिले की शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा सत्र शुरू हुए 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक बच्चों को पाठ्यपुस्तकें और अभ्यास कॉपियाँ नहीं दी गई हैं। इस लापरवाही के खिलाफ मंगलवार को दुर्ग के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय पहुँचकर अधिकारियों को घेरा और जवाब तलब किया। डीईओ कार्यालय पहुंचने से पहले बाकलीवाल ने गवर्नमेंट जेआरडी स्कूल का दौरा किया और वहाँ के प्राचार्य एवं विद्यार्थियों से मुलाक़ात कर वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने बताया कि, अभी तक उन्हें किताबें नहीं मिली हैं। जिससे उनकी पढ़ाई में लगातार बाधा आ रही है। धीरज बाकलीवाल ने बताया कि उन्हें प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्तर के 34 संकुलों में से 22 संकुलों में और हायर सेकंडरी के 12 संकुलों में अब तक पुस्तकें नहीं पहुँच पाई हैं, जो बेहद गंभीर लापरवाही है। उन्होंने इस देरी के लिए शिक्षा विभाग की जवाबदेही तय करने की माँग की। बाकलीवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार इस बार नई बारकोडिंग व्यवस्था के तहत किताबें बाँट रही है। पहले किताबें आएंगी, फिर उनकी स्कैनिंग होगी, फिर वितरण होगा। इस पूरी प्रक्रिया में अभी और 10 दिन लगने की संभावना है। मतलब कुल 25 दिन तक छात्र बिना किताब के रहेंगे, जो बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद दीपक साहू, पूर्व पार्षद भोला महोबिया, मनदीप भाटिया, विजेंद्र भारद्वाज, विजय चंद्राकर, सुशील भारद्वाज, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयुष शर्मा, प्रभारी सचिव अनूप वर्मा, गौरव उमरे, प्रदेश संयोजक चिराग शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण केवलतानी आदि मौजूद थे।

#### अव्यवस्था नहीं करेंगे बर्दाश्त

पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि, पढ़ाई की नींव किताबों से पड़ती है, और 15 दिन बाद भी बच्चे खाली हाथ हैं। शिक्षा के साथ यह अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## टाटा स्टील ने जीता विजेता का खिताब, इस्को उपविजेता




हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड (एसपीएसबी) अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता आज संपन्न हो गई। भिलाई निवास के एमपी हॉल में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी थे। विशिष्ट अतिथि सीजीएम संदीप माथुर, अध्यक्ष (सेफी व शतरंज क्लब अध्यक्ष एन के बंछोर, सीजीएम तपन कुमार घोष, पूर्व ओलंपियन व डीजीएम राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक, सचिव अलंकार भिवगड़े सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में प्रमुख इस्पात संयंत्रों से 9 टीमों ने भाग लिया। जिनमें टाटा स्टील की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इस्को बर्नपुर की टीम द्वितीय स्थान पर रही तथा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागी टीमों में भिलाई इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर स्टील प्लांट, सेलम स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, जेएसयू स्टील लिमिटेड एवं विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट की टीमें शामिल थीं। मुख्य अतिथि श्री गिरी ने कहा कि शतरंज हमें जिंदगी में सही कदम लेने का सीख देता है, उन्होंने हार और जीत को जीवन का हिस्सा बताया। हमें इनसे सीखते हुए अगली बार बेहतर कदम उठाने हेतु प्रेरित होना चाहिए। स्वागत भाषण श्री बंछोर ने किया। संचालन एससीसीए विभाग के सुप्रियो सेन व आभार प्रदर्शन राजेंद्र प्रसाद ने किया।

## बोरई एक वर्ष के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने टॉपवर्थ स्टील्स एवं पॉवर प्राइवेट लिमिटेड बोरई को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 25, 26 (1) (2) के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत जिला मजिस्ट्रेट को दी गई अधिकारिता के अनुसार सपूर्ण क्षेत्र को एक वर्ष अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का उक्त क्षेत्र में प्रवेश प्रतिषिद्ध रहेगा। यह आदेश 1 जुलाई से अधिकतम एक वर्ष के लिए लागू कर दिया गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा आवश्यकतानुसार आदेश में आवश्यक संशोधन किया जा सकता है। बता दें कि इस क्षेत्र में 50 से ज्यादा छोटे-बड़े उद्योग है। औद्योगिक लिहाज से इस क्षेत्र को संवेदनशील क्षेत्र माना गया है। इसके कारण जिला प्रशासन ने बोरई के उक्त क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। बिना अनुमति यहां किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## पौधारोपण के बाद उनकी देखरेख करने वाली महिलाओं को मिलेंगे एक हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक हुई। बैठक में 25 विभागों से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु एक पेड़ मां के नाम और एक सोखता संतान के नाम पहल रही। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू सहित अन्य मौजूद थे। सांसद बघेल ने कहा कि पर्यावरण हित को ध्यान में रखते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र सरकार ने शहरी क्षेत्री में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु एक नई पहल प्रारभ की है। इसके अंतर्गत प्रत्येक महिला जो वृक्षारोपण कर पोधों का जतन करेंगी उन्हें 1 हजार रुपए प्रति पेड़ के मानदेय मिलेगा। महिला स्व सहायता समूह में पर्यावरण के प्रति जागरूक बढ़ेगी। आय में भी वृद्धि होगी। 20 हजार से ज्यादा पौधे रोपने की तैयारी है। दिशा समिति की बैठक में कृषि क्षेत्र में हो रही प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया। बताया गया कि गेहूं की खेती का रकबा बढ़ा है, जो किसानों के लिए एक शुभ संकेत है। इसके साथ ही, कपास, सूरजमुखी और मक्का के उत्पादन में भी लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। बैठक में अन्य विषयों को लेकर भी चर्चा की गई।

- सांसद विजय बघेल ने विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की बैठक में की समीक्षा
- 20 हजार से ज्यादा पौधे रोपने की तैयारी, अन्य विषयों को लेकर बैठक में हुई चर्चा



## अमरनाथ तीर्थ यात्रा के लिए निकला युवा का जत्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुम्हारी

नगर के श्रद्धालु युवाओं का जत्था देवाधिदेव भगवान शंकर के दर्शनार्थ अमरनाथ तीर्थ यात्रा करने अनवरत तीन वर्षों से जा रहा है। उनकी इस पवित्र यात्रा का शुभारम्भ पहलगाम से होगा ।युवाओं के इस यात्रा के लिए राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डेय ने युवाओं से मुलाकात कर शुभकामनाएं दी । इस यात्रा में आशीष शुक्ला, विकास शुक्ला, घनश्याम शुक्ला, अम्बुज सिंह, सतीश यादव, सात्विक तिवारी, आलोक दुबे, मनीष श्रीवास्तव, गिरीश सोनी, मनोज पाण्डेय, सौरभ पाण्डेय और मोहित पटेल आदि शामिल हैं ।

### कलेक्टर सिंह ने धान संग्रहण केन्द्रों का किया निरीक्षण

# संग्रहण केन्द्रों में 25 लाख रुपए क्विंटल धान डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

पिछले साल के धान का अब तक उठाव नही किए जाने के चलते करोडों रूपए का धान बारिश में भीगने के कगार पर हैर। संग्रहण केन्द्रों में करोडों रूपए से अधिक का धान डंप होने से इसके खराब होने की स्थिति निर्मित हो गई है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज जिले के धान संग्रहण केन्द्र क्रमशः जेवरा-सिरसा, अरसनारा, कोड़यिा एवं सेलूद का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर भण्डारित धान के उठाव, धान के उठाव हेतु लगायी गई वाहन, ट्रक लोडिंग हेतु हमालों की व्यवस्था, संग्रहण केन्द्र में वाहन न फंसे इस हेतु पहल के संबंध में केन्द्र प्रभारी से जानकारी ली। कलेक्टर ने धान के उठाव में प्रगति लाने डीएमओ और केन्द्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने संग्रहण केन्द्र में धान भण्डारण एवं उठाव के मैनुअल और ऑनलाईन डिफेरेंस का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला विपणन अधिकारी भौमिक बघेल भी साथ मौजूद थे। कलेक्टर ने संग्रहण केन्द्रों में धान के स्टेग को बारिश से बचाने, पर्याप्त केप कव्हर की व्यवस्था रखने तथा वाहनों के लिए निर्धारित मार्ग पर मलबा एवं मुरूम डालकर मरम्मत कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने संग्रहण केन्द्र प्रभारियों को हमालों की टोली बढ़ाने कहा ताकि वाहन लोडिंग करने में सहुलियते होगी और लोडिंग वाहने शीघ्र रवाना की जा सकेगी, जिससे धान के उठाव में प्रगति आएगी। उल्लेखनीय है कि जिले के धान संग्रहण केन्द्र में कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से भी धान भण्डारित किया गया है। जिले के धान संग्रहण केन्द्रों में 251727 मेट्रिक टन धान भण्डारित किया गया है।



#### चार संग्रहण केन्द्रों डंप किए गए धान

जिले के संग्रहण केन्द्र अरसनारा में 32242 मेट्रिक टन, कोड़िया में 78229 मेट्रिक टन, जेवरा-सिरसा में 29372 मेट्रिक टन और सेलूद में 111884 मेट्रिक टन भण्डारित धान शामिल है। संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव मिलर्स द्वारा और नीलामी द्वारा किया जा रहा है। अब तक कुल 65797 मेट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। मिलर्स द्वारा संग्रहण केन्द्रो से 17137 मेट्रिक टन धान का उठाव किया गया है। इसी प्रकार नीलाम द्वारा 48664 मेट्रिक टन धान का उठाव किया गया है। संग्रहण केन्द्रों से धान के उठाव कार्य नियमित चल रही है।

## खबर संक्षेप

### अर्जुंदा में पौधारोपण कार्यक्रम कल



**बालोद।** छत्तीसगढ़ सोनकर केंद्रीय महिला प्रकोष्ठ द्वारा 6 जुलाई, रविवार को दोपहर 1 बजे बालोद जिले के अर्जुंदा में एक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ सोनकर केंद्रीय महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष केशर सोनकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सोनकर समाज की 45 राज इकाइयों से महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी भी शामिल होंगी। सोनकर समाज मुख्य रूप से सब्जी बाड़ी और कृषि प्रधान समाज है, इसलिए पौधारोपण के बाद केंद्रीय पदाधिकारियों द्वारा ऑर्गेनिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी। केशर सोनकर ने यह भी बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं के लिए एक फनी गेम का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन में समाज के केंद्रीय पदाधिकारी, शिक्षा विकास समिति, महिला प्रकोष्ठ और युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण सहित कई सामाजिक जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

### बाल संस्कार शाला 30 स्थानों पर खोली जाएगी



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में आवश्यक गोष्ठी संपन्न हुआ। जिसमें यह तय किया गया कि आगामी 06 जुलाई 2025 रविवार को प्रातः 10 बजे से बाल संस्कार शाला आचार्य प्रशिक्षण का आयोजन रखा है। जिसमें विकास खंड डौंडीलोहारा के लगभग 30 स्थानों पर बाल संस्कार शाला खोलने पर विचार किया गया।

### मवेशी के कारण बाइक दुर्घटनाग्रस्त, एक गंभीर

**बालोद।** सड़क पर बैठे मवेशी के कारण एक बाईक सवार युवक हादसे का शिकार हो गया जिसमे उसे गंभीर चोट आने से हायर सेंटर रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार शहर के नए बस स्टैण्ड मे फल की दुकान लगाने वाले एक युवक सड़क हादसे मे घायल हो गया। हादसा बालोद से लोहारा मुख्य मार्ग पर होना बताया जा रहा है। जहां फल दुकान का संचालन करने वाले सोनू कुमार 19 वर्ष ग्राम कोरगुड़ा की ओर से अपनी बाईक से लौट रहा था। तभी रास्ते मे सड़क मे बैठे एक मवेशी से उसकी टक्कर हो गई। युवक हादसे के बावजूद बाईक चलाते हुए करीब 8 किलोमीटर दूर बालोद शहर के पाररास बायपास तक पहुचा जहां वह अचानक बेहोश होकर सड़क किनारे गिर पड़ा। जहां युवक को सड़क किनारे घायल अवस्था मे देख राहगिरो ने उसे तत्काल 108 एम्बूलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां अस्पताल मे उसके सिर व चेहरे मे गंभीर चोट के कारण हायर सेंटर रेफर किया गया है।

## किसानों के हित में ऐतिहासिक पहल : बालोद में बीज निगम की अभिनव किसान संगोष्ठी

# नवाचार से कृषि में आएगी क्रांति, समस्याओं को होगा निदान और उत्पादन में होगी वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

कृषि के क्षेत्र में नवाचार और योजनाओं की जानकारी को लेकर बालोद जिले में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक "बीज उत्पादन एवं कृषि नवाचार किसान संगोष्ठी" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन बीज निगम की संयोजक प्रबंधक श्रीमती माधुरी बाला के समन्वय से हुआ, जिसमें जिले भर से पंजीकृत सैकड़ों किसानों ने भाग लेकर शासन की योजनाओं को गंभीरता से जाना और कृषि क्षेत्र में उन्नति का संकल्प लिया।

■ सैकड़ों किसानों ने लिया भाग और अपने विचार रखे

नवाचार और सहभागिता ही है कृषि विकास की कुंजी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड, रायपुर के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चंद्राकर ने कहा। हमारा लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि किसानों तक उसे प्रभावशाली रूप से पहुंचाना है। इस प्रकार की संगोष्ठियां किसानों को सीधे संवाद का अवसर देती हैं।



**योजनाएं सिर्फ कागजों पर नहीं, अब जमीन पर दिख रहा असर**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू ने कहा —अब समय आ गया है कि किसान केवल लाभार्थी नहीं, भागीदार बनें। शासन की योजनाएं गांव के अंतिम किसान तक पहुंचें, यही हमारा उद्देश्य है। संगोष्ठियों के माध्यम से किसानों में जागरूकता बढ़ी है और वे अब योजनाओं को समझकर उसका लाभ लेने लगे हैं पवन साहू ने बीज निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से न सिर्फ जानकारी मिलती है, बल्कि किसान आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ते हैं।

**किसानों की समस्याएं, मिला समाधान का भरोसा:** बीज निगम किसान संगठन के अध्यक्ष तीजू राम देवांगन ने कार्यक्रम के दौरान किसानों की जमीनी समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से सामने रखा। उन्होंने कहा —कई किसान अभी भी बीज की गुणवत्ता, वितरण की समय-सीमा और तकनीकी मार्गदर्शन की कमी जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। इन पर शीघ्र कार्रवाई जरूरी है। इस पर चंद्रहास चंद्राकर ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं को प्राथमिकता में रखा जाएगा और समयबद्ध तरीके से निदान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने तीजू देवांगन द्वारा उठाए गए विषयों की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी बातों को सामने लाना ही सच्ची सेवा है। इस आयोजन के सफल संयोजन में बीज निगम की जिला संयोजक प्रबंधक श्रीमती माधुरी बाला की भूमिका महत्वपूर्ण रही। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। किसानों और अतिथियों ने उनके कार्य को प्रशंसनीय बताते हुए कहा कि उन्होंने समन्वय और प्रबंधन में दक्षता दिखाई, जिससे कार्यक्रम की गुणवत्ता बढ़ी। इस संगोष्ठी ने किसानों को योजनाओं से जोड़ने, संवाद की नई राह खोलने और समस्याओं के समाधान के प्रति विश्वास जगाने का कार्य किया है। कृषि क्षेत्र में ऐसे प्रयास निश्चित रूप से समृद्धि और जागरूकता की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। इस अवसर पर बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर के अलावा जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व बाल सुरक्षा संरक्षक आयोग अध्यक्ष यशवंत जैन, छाया विधायक राकेश यादव, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू,, कृष्णकांत पवार, लेखराम साहू, महामंत्री राकेश /"छोटू" यादव,जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, शाहिद खान, मनोहर नाहटा, कमलेश सोनी, शरद ठाकुर, संतोष कौशिक, उपस्थित थे।

## बालक छात्रवास में सामूहिक पौधारोपण किया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत अरकार में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व बालक छात्रवास में सामुहिक रूप से पौधारोपण कार्य किया गया।

जिसमें सरपंच खेमलाल देवांगन, उप सरपंच मनोज ठाकुर, शाला विकास समिति अध्यक्ष तखत राम जामरे, रामनारायण साहू, भोजराम, सचिव यशवंत साहू, प्राचार्य वी के साहू, माला, आरके साहू, शिव कुमार सिन्हा, दिलीप केसरवानी, धनीराम सिंन्हा, ओम प्रकाश साहू, पूनम चंद साहू, तुकडो साहू, धनसिंग, गौकरन साहू, पंच कुलेश्वरी साहू, किरण साहू, डोमन नेताम, हिलेश्वरी धुरव, नरेश साहू, सेवा साहू, सतरूपा, अनिता, विदया सिन्हा, अस्सी ठाकुर, चमेली देवांगन, अरूण चक्रधारी, चुम्मन विश्वकर्मा, संतोष निर्मलकर, गोवर्धन साहू, गोकुल ठाकुर, राजकुमार देवांगन, भूपेंद्र सिन्हा, पारस देवांगन, गौतम साहू, सत्तू, साकेत, बबलू यादव, जयप्रकाश, ग्राम पंचायत अरकार, स्कूल के सभी शिक्षकगण, बालक छात्रवास छात्र गण, गांव के सभी वरिष्ठजन, प्रजापति ब्रह्माकुमारी परिवार, ग्राम विकास समिति सदस्यगण के द्वारा वृहद पौधारोपण किया गया।

### पलारी समिति में 84 प्रतिशत खाद वितरित

**गुरूर।** सेवा सहकारी समिति पलारी द्वारा 84 प्रतिशत खाद का वितरण पूर्ण कर लिया गया है। जिसमे पिछले खरीफ वर्ष 2024–25 मे समिति के माध्यम से कुल 435 मिट्रिक टन खाद का वितरण किया गया था वर्तमान खरीफ वर्ष 2025 मे 365.065 मिट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चूका है। शेश 16 प्रतिशत खाद के लिए डिमांण्ड ड्राफ्ट, रिलिज आर्डर जारी किया जा चुका है। भण्डारण उपरांत खाद का वितरण किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने वॉटर वुमन शिप्रा का किया सम्मान



**दल्लीराजहरा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली /"वॉटर वुमन/" के नाम से विख्यात शिप्रा पाठक ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने शिप्रा पाठक के पर्यावरण संरक्षण और विशेष रूप से सिंदूर पौधरोपण को जन-जन तक पहुंचाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने शिप्रा पाठक को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि शिप्रा पाठक ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए किए गए कार्यों के लिए व्यापक स्तर पर पहचान प्राप्त की है। उनके नेतृत्व में पौधरोपण अभियान ने न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया है, बल्कि आम लोगों को पेड़ लगाने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित भी किया है।इस अवसर पर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रोफेसर हरिशंकर सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिप्रा पाठक के पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्य समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और ऐसे प्रयासों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## सांकरा, पीपरछेड़ी, गुरूर और कमकापार स्कूल भवनों के लिए 1.21 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नए शिक्षा सत्र की शुरूआत होते ही स्कूलों की कमियां उभरने लगी है जिले में कई स्कूल मौजूद है जिसे निर्माण हुए कई साल हो चुके हैं लेकिन उसकी मरम्मत अभी तक नहीं हो पाई है। जिसके चलते स्कूली बच्चों को पढ़ाई करने में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों की इसी समस्या को देखते हुए जिला पंचायत बालोद के उपाध्यक्ष तोमन साहू ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री से चर्चा कर उन्हें अवगत कराया जिसके बाद में अब बालोद जिले के चार स्कूलों के लिए सरकार ने राशि स्वीकृत कर दी है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने जब स्कूल शिक्षा मंत्री से चर्चा की और जिले के जर्जर स्कूलों के विषय में उनका ध्यानाकर्षण कराया उसके बाद मंत्री ने तत्काल मामले को संज्ञान में लिया। जिसके बाद बालोद जिले के शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल जगन्नाथपुर सांकरा, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल पीपरछेड़ी, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल गुरूर और शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल कमकापार इन चारों स्कूलों के लिए अलग अलग 1 करोड़ 21 लाख रूपये स्कूल शिक्षा विभाग ने स्वीकृत किये हैं।

■ जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने स्कूल शिक्षा मंत्री से जिले के जर्जर स्कूलों पर चर्चा की



### नये सिरे से बनेगा स्कूल

जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने सरकार की ओर से राशि स्वीकृत किये जाने के बाद सरकार का आभार जताया और कहा कि बालोद जिले के चार स्कूल जहां स्कूली बच्चों के पढ़ाई करने के लिए भवन ही नहीं था जल्द अब बच्चों को सुविधा मिलने वाली है। क्योंकि सरकार की ओर से स्वीकृत राशि के बाद जर्जर स्कूल भवन को डिसमेंटल किया जायेगा जिसके बाद नये सिरे से स्कूल भवन बनकर तैयार होगा।

### आंदोलन का अपनाया था रास्ता

बीते वर्ष पीपरछेड़ी गांव के ग्रामीण स्कूली बच्चों के साथ स्कूल में तालाबंदी कर जर्जर स्कूल भवन को नये सिरे से तैयार करने की मांग की थी। जिसके बाद प्रशासन की ओर से महज आश्वासन ही मिल पाया था। इसके अलावा जगन्नाथपुर सांकरा के ग्रामीण भी स्कूल भवन की जर्जर स्थिति को लेकर प्रशासन से नाराज थे और आंदोलन की चेतावनी दिये थे। लेकिन स्कूली बच्चों की समस्याओं को देखते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने पहल की और आज सरकार की ओर से राशि स्वीकृत कर दी गई।

**जिपं उपाध्यक्ष ने किया था निरीक्षण:** जैसे ही जिले के जर्जर स्कूलों की जानकारी जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू को लगी उसके बाद से ही तोमन साहू सहित मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, अरुण साहू जिला पंचायत सदस्य पूजा साहू, जनपद सदस्य दमयंती हरदेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष भूपत बघेल, ग्राम सरपंच लता बाई चुरेंद्र, ग्राम पंचायत पिपरछेड़ी सरपंच कृष्णा राम साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष श्रवण साहू, भाजपा महामंत्री पुनम चंद जैन, प्रीतम देशमुख ने स्कूलों का निरीक्षण कर जायजा लिया था और फिर स्कूल शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया था। सरकार के इस फैसले के बाद ग्रामीणों और स्कूली बच्चों में हर्ष है।

## सरपंच संघ की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा



**अंडा।** नगपुरा जैन मंदिर सभागार में सरपंच संघ जनपद पंचायत दुर्ग प्रथम सम्मेलन सरपंच संघ प्रतिनिधियों का सम्मान और विभिन्न विषयों पर चर्चा हर ग्राम पंचायत के विषय पर संपूर्ण रूप से चर्चा विकास संबंधी। आज इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, श्रद्धा साहू जिला पंचायत सदस्य पूर्व जनपद सदस्य , भाना भाई ठाकुर जनपद सदस्य, संतोष निषाद, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू यादव एवं समस्त सभी पदाधिकारी गण मंडल के कार्यकर्ता के बीच संपन्न हुआ। पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश देशमुख पूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष नारायण लाल साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू चेतन साहू संतोष साहू यामिनी हरमुख रेखा यादव दिव्य साहू रामकली साहू विनोद साहू नगपुरा उप सरपंच नरेंद्र निषाद संदीप चंद्राकर जसवंत देशमुख दुष्यंत निषाद जितेंद्र गुप्ता तुषार साहू रवि शंकर साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मोहर्रम कल मनाएंगे, शांति समिति की बैठक संपन्न



**डौंडीलोहारा।** नगर के थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक एस डी एम शिवनाथ बघेल के विशेष उपस्थिति में रखा गया। 6 जुलाई को मोहर्रम त्यौहार को सांप्रदायिक सौहार्द व आपसी भाईचारे से मनाने विचार विमर्श किया गया।टी आई मुकेश सिंह ने किसी भी भ्रामक जानकारी से बचने की बात कहते हुए त्योहार मनाने संबंधित विभिन्न विषयों को उपस्थित लोगों के समक्ष रखा।उपस्थित लोगों ने बताया कि यह नगर शांति व सौहार्द का प्रतीक है वही सभी त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ ही मिलजुल कर मनाया जाता है।उक्त अवसर पर तहसीलदार हिंसाराम नायक ,नायब तहसीलदार दीपक चंद्राकर, नप अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, विहिप जिलाध्यक्ष बलराम गुप्ता, बीरसिंह, थानेश्वर यादव, तिलकराम यादव सहित मुस्लिम समाज के आदिल सिद्दीकी, मो. सदाम, नवाब जिलानी शेख करीम,शेख अहमद आदि उपस्थित थे।

## डौंडी ब्लॉक में झमाझम बारिश के बाद किसानी काम ने पकड़ी गति

**डौंडी।** ब्लॉक में झमाझम बारिश से क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिल उठे हैं।अच्छी बारिश हुई देख किसान धान की खेती के लिए खेतों को तैयार करने में जुट गए हैं। मानसून की स्त्रिरयता बढ़ने से किसानों में खुशी का माहौल है। किसान लंबे समय से मानसून की बारिश का इंतजार कर रहे थे। वैसे स्थान जहां बीज नहीं डाला गया था, वहां कार्य भी जोर शोर से शुरू हो गया है।

किसान सुबह से ही ट्रैक्टर व हल बैल लेकर खेतों में निकल पड़े। क्षेत्र के अधिकांश किसान धान की खेती पर ही निर्भर करते हैं। हालांकि सप्ताह भर से हो रही बारिश ने किसानों के चेहरे पर मुस्कान जरूर बिखेरी है। आगे मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक इस माह में



अच्छी बारिश होने वाली है। जिससे किसानों के हौसले बुलंद हैं।किसान उमेश धनकर, बलि राम धनकर , हेमंत गौर कहते हैं कि पिछली बार मौसम की बेरुखी के कारण धान की खेती अच्छी नहीं हो पाई थी। इस बार उम्मीद है कि इस मानसून में अच्छी वर्षा होने पर भरपूर उपज मिलेगी। इसमें सबसे अच्छी स्थिति में वह किसान है जिन्होंने पंप के सहारे बीज तो डाल लिया था मगर पानी के अभाव में रोपनी नहीं कर पा रहे थे। जिन किसानों ने रोपा तैयार कर लिया है यह धान की रोपन में लगे हैं जबकि बाकी किसान अभी क्षेत्रों में बीज ही डाल रहे हैं उन किसानों की फसल थोड़ी देर से होगी।




## स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान है जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

नगरपालिका परिषद दल्ली राजहरा द्वारा स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने हेतु स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ/" अभियान की शुरुआत की गई। यह एक माह तक चलने वाला विशेष अभियान है, जिसकी औपचारिक शुरुआत 1 जुलाई को स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर ने हरी झंडी दिखाकर की। राज्य शहरी विकास अभिकरण, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य है—स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता/" के मूल सिद्धांत को व्यवहार में लाना। यह अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा, जिसमें साप्ताहिक रूप से विभिन्न स्वच्छता आधारित गतिविधियाँ





आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों में स्वच्छ हाथ, स्वच्छ घर, स्वच्छ पड़ोस, स्वच्छ शौचालय, नालियां और जल निकायों की सफाई, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता, तथा स्वच्छता नवाचार को प्राथमिकता दी जाएगी। इस दौरान डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी जल जनित एवं वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। अभियान के पहले दिन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिसर में छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं /"स्वच्छ हाथ/" गतिविधि का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी के साथ पीआईयू के विक्रांत कुमार साहू, स्वच्छता दीदी, विद्यालय के प्राचार्य टी. आर. रानाडे एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू के मार्गदर्शन एवं सीएमओ भूपेंद्र वार्डेकर के निर्देशन में यह अभियान जनसहभागिता से आगे बढ़ेगा।



## खबर संक्षेप

### गोंड़वाना गोंड़ महासभा की मासिक कल होगी

**बालोद।** छत्तीसगढ़ गोंण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद का मासिक बैठक 6 जुलाई को सिवनी स्थित गोंण्डवाना भवन में सुबह 11 बजे रखा गया है, जिसमें महाधिवेशन व रानी दुर्गावती बलिदान दिवस कार्यक्रम की समीक्षा किया जाएगा। छग. गों.गों. महासभा मिडिया प्रभारी जिला बालोद दिलीप नागवंशी ने बताया उक्त बैठक में जिला स्तर के समस्त पदाधिकारी, बालोद, गुरुर, गुण्डरदेही, डौंडीलोहारा, दल्लीराजहरा, डौंडी व अर्जुन्दा तहसील अध्यक्ष व उनके सभी पदाधिकारी, समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ व अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी को उपस्थिति के लिये अपील जिला अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम ने की है।

### जीवनदीप समिति की बैठक मांगों की दी जानकारी

**अंडा।** ग्राम सिरसिदा (गुंडरदेही) के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवनदीप समिति की बैठक संपन्न हुआ ,इस अवसर पर पुरुषोत्तम चंद्राकर जनपद अध्यक्ष के मुख्य अतिथि, अध्यक्षता सरस्वती इंद्रजीत चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत सिरसीदा, एवं विशेष अतिथि जी आर शर्मा की सेवानिवृत स्वास्थ्य कर्मचारी एवं प्रभारी चिकित्सा सुश्री प्रतिभा पराते एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें दूसरी पराते मैडम द्वारा नवीन सात बिस्तर कक्षा के आता निर्माण दवा खरीदी एवं अन्य आवश्यक मांगों को अध्यक्ष महोदय के समक्ष रखा गया अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर उचित कार्रवाई किए जाने की अनुशंसा की गई प्रभारी मैडम द्वारा सरपंच सरस्वती चंद्राकर से यह अनुरोध किया गया कि अस्पताल परिसर के अंतर्गत सामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है उसे प्रतिबंधित किया जाए इस पर सरस्वती चंद्राकर द्वारा उचित कार्रवाई किए जाने की पुष्टि की गई।

### रंजिश के कारण चाकू से हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** कोतवाली थाना अंतर्गत मिलपारा में आपसी रंजिश के कारण आरोपियों ने अमित देवदास से मारपीट की। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मामले में शरद देवदास 26 वर्ष ने मामले की शिकायत की। उसने बताया कि वह गौरा चौरा वार्ड-37 का रहने वाला है। उसका रिश्ते में भाई अमित देवदास जिला अस्पताल में भर्ती है। उसने बताया कि उसने पुकार नामक युवक की बाइक को दो दिन पहले ली थी। वापस करने गया तो उसने चाबी वापस करने पर इतने दिन बाद बाइक दे रहा है कहकर गाली गलौच शुरू कर दी। पुकार के साथी माछी उर्फ मुकेश साहू एवं अन्य ने धारदार वस्तु से हमला कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया। नाबालिग सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### शराब बेचने के फिराक वाला युवक पकड़ाया

**भिलाई।** छावनी थाना अंतर्गत पावर हाउस के आसपास शराब बेचने के फिराक में घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी का नाम राहीम पिता सगीर अहमद उम्र 20 वर्ष बताया गया है। वह खुर्सीपार सेक्टर 11 खुर्सीपार का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 70 पौवा शोले देशी मसाला शराब जब्त की है। शराब की कीमत 7 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने एक्टिवा सीजी 07 सीडब्लू-9299 भी जब्त की है। पुलिस ने आरोपी को नूरी बुक डिपो के पास से पकड़ा। आरोपियों ने दो बोरियों में शराब को भरकर रखा था। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# कानून व व्यवस्था के लिए राजस्व और पुलिस विभाग समन्वय से करें काम

## राजस्व एवं पुलिस विभाग प्रशासन के दो प्रमुख अंग : कलेक्टर दिव्या मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कानून व्यवस्था के संबंध में आयोजित बैठक में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को जिले में जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मिश्रा ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग प्रशासन के दो प्रमुख अंग है, इसलिए इन दोनों विभागों में आपसी समन्वय एवं जीवंत संपर्क बनाए रखना नितांत आवश्यक है। कलेक्टर ने इन दोनों विभाग के अधिकारियों को जिले में घटित होने वाली प्रत्येक घटनाओं पर बारिकी से नजर रखते हुए जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु समय रहते जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिले में प्रत्येक परिस्थितियों में शांति व्यवस्था रखने के उपायों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिले में कानून व्यवस्था के प्रमुख बिंदुओं के संबंध में बारी-बारी से चर्चा की गई। इसके अंतर्गत जिले के जनजातीय समाज के लोगों के प्रमुख मांगों तथा उसे पूरा करने के उपायों के अलावा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण, खनिज पदार्थों के अवैध खनन एवं परिवहन पर रोकथाम की व्यवस्था, खाद-बीज की समुचित उपलब्धता, पशु तस्करी तथा सड़क दुर्घटना पर रोकथाम हेतु की जा रही व्यवस्था आदि विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।



### यातायात नियमों का पालन करें

कलेक्टर ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु प्रभावी एवं पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने जिला मुख्यालय बालोद सहित जिले के सभी नगरीय क्षेत्रें में सड़क के किनारे खड़ी ट्रक एवं अन्य वाहनों पर कार्रवाई के अलावा बिना हेलमेट पहने तथा ट्रिपल सीट सवारी करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को उनके पेट्रोल पंप में बिना हेलमेट पहने पेट्रोल खरीदने के लिए आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नही देने संबंधी निर्देश जारी करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था से जुड़े सभी विषयों पर बारी-बारी से समीक्षा करते हुए इसके क्रियान्वयन हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में कानून व्यवस्था के संबंध में प्रतिमाह बैठक आयोजित करने की भी जानकारी दी गई।

**बैठक :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन समीक्ष बैठक में कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश

# योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर हो सुनिश्चित समस्याओं के निराकरण के लिए तुरंत करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने नगर पंचायत गुण्डरदेही के सभाकक्ष में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को शासकीय योजनाओं का निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए।

बैठक में मिश्रा ने राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग, वन, कृषि, पशु चिकित्सा विभाग, खाद्य एवं अन्य विभागों के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आदि कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की। राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने राजस्व अधिकारियों से राजस्व प्रकरणों के निराकरण के स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्कूली बच्चों के जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली।

**मौसमी बीमारियों की रोकथाम का करें इंतजामः** उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए वर्षा ऋतु के मद्देनजर जलजनित एवं अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में उन्होंने सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्र में दवाइयों एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के अलावा पूरे समय चिकित्सकों एवं अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा।

बैठक में उन्होंने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड निर्माण आदि कार्यों की भी समीक्षा की। वन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सघन वृक्षारोपण अभियान हेतु निर्धारित योजना के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिक से अधिक पौधरोपण कर उनके सुरक्षा के उपाय भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए गुण्डरदेही विकासखण्ड में खाद-बीज की समुचित उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में किसानों को खाद-बीज की कमी नही होनी चाहिए। मिश्रा ने अधिकारियों को खाद-बीज का प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पशु चिकित्सा विभाग, खाद्य विभाग, नगरीय निकायों के कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की।




### राजस्व एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों में हो समन्वय

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में शत प्रतिशत बच्चों का जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने हेतु कैंप का आयोजन सुनिश्चित करें। उक्त प्रमाण पत्रें के लिए किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना बच्चों और उनके परिजनों को न करना पड़े। इसके लिए उन्होंने राजस्व एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से किसान पंजीयन के कार्य की जानकारी लेते हुए इस कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

# टटेंगा विद्यालय में बाल कैबिनेट का गठन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में अनुशासन, व्यवस्था और पर्यावरण को सुचारू रूप से चलने तथा विद्यार्थियों में संगठनात्मक कौशल तथा अपनी क्षमता के विकास के लिए बाल कैबिनेट का गठन किया गया।

जिसमें मयंक देवांगन को शाला नायक, उपासना साहू को उप शाला नायक, सचिव सुषमा सुधाकर, सह सचिव छवि को बनाया गया है। इसी क्रम में छात्र प्रतिनिधि दिव्या यादव, उप छात्र प्रतिनिधि रूपाली, अनुशासन सचिव नीलकमल, सहयोगी मोहित, श्रद्धा और पल्लवी, क्रीड़ा सचिव पायल सुधाकर, सह सचिव वीर, सांस्कृतिक सचिव कुसुम, सह सचिव तारिणी, रेडक्रास कप्तान लीना सुधाकर, उप कप्तान युगल सोनपिपरे, स्काउट कप्तान इंद्रजीत व गाइड कप्तान मौलवी को बनाया गया।

चयन प्रक्रिया में मुख्यतः छात्र संघ प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक, व्यायाम शिक्षिका रीना बोरकर एवं समस्त स्टाफ का पूरा योगदान रहा। इस अवसर पर प्राचार्य आर के देवांगन द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई एवं उन्होंने अनुशासन का पालन करने और अपने तथा अपने पालक व स्कूल का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किया गया। शपथ ग्रहण के दौरान चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, महेश रावटे, वेद प्रकाश साहू, बिंदु साहू उपस्थित थे।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का आगमन कल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 7 जुलाई को रायपुर मे किसान-जवान-संविधान जनसभा को संबोधित करेंगे। इसको लेकर बालोद स्थित राजीव भवन मे कांग्रेस द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक मे दुर्ग के पूर्व विधायक एवं बालोद जिला प्रभारी अरूण वोरा की अगुवाई मे संगठन की रूपरेखा तय की गई। डौण्डीलोहारा विधानसभा प्रभारी आयूब खान और बालोद विधानसभा प्रभारी मेहल मारू उपस्थित थे। अरूण वोरा ने जनसभा की गणनीति पर विस्तार से जानकारी दी और बताया कि सभा मे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खड़गे के साथ राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी उपस्थित रहेंगे। उन्होने कार्यकर्ताओ से व्यापक जनसंपर्क और अधिकतम उपस्थिति सुनि"चत करने का आव्हान किया। बैठक मे विधायक कुंवर सिंह निशाद, जिला कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी, प्रशांत बाला बोकड़े, मेहल मारू और आयूब खान ने संबोधित किया।

इस दौरान जिला आदिवासी कांग्रेस की नवनियुक्त अध्यक्ष लता कोर्राम का सम्मान किया गया। संचालन महामंत्री रत्तीराम कोसमा ने किया।

इस दौरान भैयाराम सिन्हा, पुरूशोत्तम पटेल, रामजी भाई पटेल, कृष्णा दुबे, मिथलेश नुरूटी, तामे"वर साहू, आंचल साहू, ओमकार महम्मल्ला, गुलशन चन्द्राकर, मीना साहू, धीरज उपाध्याय, सादिक अली उपस्थित थे।

# नियम का असर किराए पर हेलमेट लेकर पेट्रोल भरा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा पेट्रोल पंपो मे बिना हेलमेट पेट्रोल नही देने के सख्त नियम से बचने के लिए लोग पेट्रोल पंपो के बाहर किराए पर हेलमेट लेकर पेट्रोल भरवाते दिख रहे है व इसे कमाई का अवसर बनाने वालो की कमी नही है जो पेट्रोल पंपो के पास 10-20 रूपये की दर से पेट्रोल भराने के लिए हेलमेट किराए पर उपलब्ध करा रहे है सुरक्षा को भी कमाई का अवसर बनाते दिख रहे है।

जिला प्रशासन द्वारा लोगो की जान की परवाह करते हुए पेट्रोल पंपो मे बिना हेलमेट पेट्रोल नही देने का सख्त नियम लागू किया है लेकिन प्रशासन द्वारा लागू इस नियम से बचने के लिए लोग किराए पर भी हेलमेट लेकर पेट्रोल भरवाने के बाद फिर से बिना हेलमेट के वाहन चला रहे है। ऐसे मे वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के इस नियम को जिला प्रशासन द्वारा किस प्रकार से जमीनी स्तर पर उतारा जाता यह देखने वाली बात होगी क्योकि पेट्रोल पंपो मे पेट्रोल डलवाने के बाद तो किराए के हेलमेट वापस कर लोग बिना हेलमेट के ही वाहन चलाते दिख रहे है।



# कपरमेटा एवं कामता के लाभ संतृप्ति शिविरों ग्रामीणों को मिली कई सौगत

हरिभूमि न्यूज:बालोद

केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रें में सेवाओं और अन्य बुनियादी ढाँचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से जिले में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कपरमेटा एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कामता में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभन्वित किया गया।

- 50 को आयुष्मान कार्ड, 5 को राशन कार्ड, 3 को किसान सम्मान निधि का मिला लाभ

इसके अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कपरमेटा शिविर में उपस्थित 03 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 02 हितग्राहियों को किसान सम्मान निधि से लाभान्वित करने के अलावा ग्रामीणों का सिकलिन जाँच सहित शिविर में पहुँचे ग्रामीणों का टीकाकरण भी किया गया। इसके अलावा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कामता में आज आयोजित शिविर में सगरी बाई एवं सुनीता बाई को राशन कार्ड, सविता बाई एवं ललिता बाई को जॉब कार्ड एवं नदूंराम कुल्हारे एवं रोमिन बाई को कोदो बीज का वितरण किया गया। इसके अलावा यशोदा बाई एवं रजऊ राम को मुख्यमंत्री पेंशन योजना से लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 50 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 05 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 03 हितग्राहियों को किसान सम्मान निधि, 04 हितग्राहियों को पेंशन योजना से लाभान्वित करने के अलावा 14 ग्रामीणों का सिकलिन जाँच सहित शिविर में पहुँचे ग्रामीणों का टीकाकरण भी किया गया। इसके अलावा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। दोनों ग्रामों में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में शामिल होने बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं हितग्राही पहुँचे थे। शिविर में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को अपने-अपने विभाग के योजनाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए इन योजनाओं के लाभ लेने के प्रक्रियाओं के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। आज ग्राम कपरमेटा एवं कामता में आयोजित शिविर में शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने पर हितग्राही बहुत ही प्रसन्नचित एवं उत्साही नजर आ रहे थे। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा गुरूर एवं डौण्डी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में शिविर आयोजन हेतु जारी की गई तिथि के अनुसार सोमवार 07 जुलाई को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी में शिविर का आयोजन किया गया है।



**जिला प्रशासन ने हर संभव मदद उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन**

# मोहर्रम का त्योहार कल मनाएंगे, सौहार्द्रता बनाए रखने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि बालोद जिलेवासी बालोद जिले की परंपरा एवं संस्कृति के अनुरूप सभी धर्म, जाति एवं सम्प्रदायों का सम्मान करते हुए जिले में आपसी भाईचारे एवं सौहार्द्रपूर्ण तरीके से सभी पर्व एवं उत्सवों का आयोजन करने का अपनी अमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करें।

कलेक्टर मिश्रा आगामी 06 जुलाई रविवार को मोहर्रम त्यौहार के मद्देनजर आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित शांति समिति की बैठक में संपूर्ण जिलेवासियों से जिले में सभी धर्मों के पर्वों एव उत्सवों को सभी के धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ आयोजित करने की अपील की। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा सहित नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी के अलावा सभी गणमान्य जनों ने बालोद जिले में सामाजिक सद्भावना एवं आपसी भाईचारे की उच्च मानक एवं परंपरा की भूरी-भूरी सराहना की। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने सभी धर्म एवं जातियों के पर्वों एवं उत्सवों के आयोजन तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दी है। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने जिलेवासियों को मोहर्रम त्यौहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने आगामी 06 जुलाई को मोहर्रम त्यौहार के अलावा जिले में आयोजित होने वाले सभी पर्वों एवं उत्सवों के सफल आयोजन हेतु पुलिस प्रशासन की ओर से हर संभव मदद उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी ने भी अपना विचार व्यक्त करते हुए जिले में आगामी 06 जुलाई को मोहर्रम त्यौहार सहित सभी पर्व एवं उत्सवों को आपसी सहभागिता, पे्रम एवं सौहार्द्र के साथ मनाने की बात कही।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
7 दिन
स्लीपर मात्र 12,500/-
गोवा-बाम्बे
महालक्ष्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
19 जुलाई, 14 अगस्त, 6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशि:-स्लीपर 12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411